24- MAR- CITY- MAIN- Pg- 1_page1.qxd 3/24/2024 10:42 PM Page 1

बिलासपुर, सोमवार 25 मार्च 2024

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## अनूठी परंपरा : ब्रज में ही नहीं, छत्तीसगढ़ के पंतोरा में भी होती है लट्ठमार होली

अश्वनी मिश्रा ▶▶ कोरबा

होली पर्व को लेकर ग्रामीण अंचलों में कुछ प्राचीन परंपराएं दशकों से चली आ रही हैं। जिसे बदलने का साहस अभी भी किसी में नहीं है। ऐसी कुछ परंपराएं जिले में भी चली आ रही है। गांव धमनागुड़ी और खरहरी में किसी अनहोनी की आशंका से जहां होली नहीं खेली जाती वहीं पंतोरा गांव में लोगों को बीमारी से बचाने गांव की कुंवारी कन्याएं



रंग पंचमी के दिन मथुरा वृंदावन की तरह लट्ठमार होली खेलकर रंग पंचमी मनाती हैं, ग्रामीण इस परंपरा का निर्वहन डंगनहाई होली के नाम से करते हैं। हालांकि यहां मनाए जाने वाले रंग पंचमी के इस पर्व का मथुरा वृंदावन की लट्ठमार होली से कोई संबंध नहीं है। जिले के ग्राम पंतोरा के ग्रामीणों की मानें तो उन्होंने अपने बुजुर्गों को इस परंपरा को मनाते देखा है और इसलिए वे भी दशकों से पीढ़ी दर पीढ़ी इसका निर्वहन कर रहे हैं। 81 वर्षीय बुजुर्ग व्यास नारायण जायसवाल जो कुछ बताते हैं उसके अनुसार इसकी शुरूआत ▶▶ शेष पेज 6 पर

### कई गांव के लोग आते हैं पंतोरा

मंदिर में पूजा अर्चना की जिम्मेदारी उठाने वाले बैगा बीपत राम अपने परिवार की चौथी पीढ़ी हैं, जो मंदिर की पूजा परंपरा को निभा रहे हैं। उनकी मानें तो अब तक उन्होंने ऐसा कोई मामला नहीं देखा, जिसमें कोई बीमार व्यक्ति पंचमी के दिन कुंवारी कन्याओं के डंडे से मार खाया हो और स्वस्थ्य न हुआ हो। अन्य गांव के लोग ग्राम पंतोरा लठमार होली खेलने आते हैं। बीपत राम कहते हैं कि मथुरा वृंदावन से आकर यहां लठमार होली की शुरुआत करवाने की बात सही नहीं है। पहले तो इसे डंगनाही होली के नाम से ही जाना जाता रहा है। बदलते दौर के साथ अब लठ मार होली बोलने लग गए हैं लेकिन गांव के बुजुर्ग इसे आज डंगनाही होली ही कहते थे।

### पांच देवताओं की होती है पूजा

होली के पंचमी के दिन डंगनहाई होली के नाम से इस परंपरा को शुरु करने के पहले मंदिर में स्थापित पांच देवताओं की प्रतिमा का कुंवारी कन्याओं के द्वारा बांस के डंगाल से पांच बार उन्हें स्पर्श कराकर पूजा-अर्चना की जाती है। फिर नगाड़े की थाप के साथ मंदिर से कुंवारी कन्याएं बांस की डंगाल लेकर बाहर निकलती है। इस दौरान रास्ते में सामने उनके सामने आता है उस पर बांस के डंडे से प्रहार शुरु करती है। इसके पीछे मान्यता यह है कि बांस के डंडे में मां भवानी का प्रताप रहता है और शरीर में मौजूद तमाम तरह की बीमारियां डंडे के प्रहार से दूर हो जाती है। गांव के बुजुर्ग इसका दावा भी करते हैं।




### होली पर्व की शुभकामनाएं

रंगों के त्योहार होली की सुधि पाठकों,विज्ञापनदाताओं, एजेंसियों और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

### अवकाश

इस अवसर पर 25 और 26 मार्च को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। 28 मार्च गुरुवार को आपका यह प्रिय अखबार आपके हाथों में होगा।
**प्रधान संपादक**

## खबर संक्षेप

### 3.25 करोड़ का ड्रग्स जब्त, 12 गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस के मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ ने पिछले एक महीने में 16 किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किए है। इसकी अनुमानित कीमत 3.25 करोड़ रुपए है। इस संबंध में 12 तस्करों को गिरफ्तार किया है। सहार गांव, नालासोपारा, सांताक्रूज, कुर्ला, भायखला और अन्य इलाकों से लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अलग-अलग मात्रा में मेफेड्रोन (एमडी), हेरोइन और गांजा समेत नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं।




### दोपहिया वाहनों के शोरूम में लगी आग

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के करोल बाग इलाके में रविवार को दोपहिया वाहनों के एक शोरूम में आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमें सुबह साढ़े 10 बजे दोपहिया वाहनों के एक शोरूम में आग लगने की सूचना मिली। दमकल के दो वाहनों को घटनास्थल भेजा गया है। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।



### ट्रक ने कार को टक्कर मारी, तीन की मौत

**मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एक कार को एक ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना शनिवार देर रात इंग्लिश बाजार थाना क्षेत्र के जादूपुर में मालदा बाइपास पर हुई। ट्रक ने पीछे से कार में टक्कर मार दी, जिससे कार में बैठे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।




### देर रात भाजपा की 5वीं लिस्ट जारी, 111 प्रत्याशी किए घोषित

# भाजपा ने नवीन, कंगना, अरुण गोविल जितिन को मैदान में उतारा, वरुण खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपनी पांचवीं लिस्ट जारी कर दी है। हरियाणा के कुरुक्षेत्र सीट से कुछ देर पहले बीजेपी ज्वाइन करने वाले नवीन जिंदल को उतारा गया है। वहीं वरुण गांधी का टिकट काटकर उनकी जगह पीलीभीत से जितिन प्रसाद को टिकट दिया गया है, वहीं मंडी सीट से अभिनेत्री कंगना रनौत उम्मीदवार होंगी। मेरठ से फिल्म अभिनेता अरुण गोविल को प्रत्याशी बनाया गया है। मेनका गांधी को सुल्तानपुर से टिकट दिया गया है। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने रविवार रात अपनी पांचवीं लिस्ट जारी कर दी। इस सूची में यूपी-बिहार समेत तमाम अन्य राज्यों के उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। बीजेपी ने हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से कंगना रनौत को उम्मीदवार बनाया है, जबकि यूपी की पीलीभीत सीट से वरुण गांधी का टिकट कट गया है। उनकी जगह जितिन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया गया है।









### प्रमुख चेहरे, जिन्हें बीजेपी ने दिया टिकट

भारतीय जनता पार्टी की पांचवी लिस्ट में बिहार के बेगूसराय से केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव को पाटलीपुत्रा और रविशंकर प्रसाद को पटना साहिब से उम्मीदवार बनाया गया है। पूर्वी चंपारण से पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सीपी ठाकुर के पुत्र और राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर को नवादा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। नित्यानंद राय उजियारपुर से चुनाव लड़ेंगे।

### गुजरात में 6 उम्मीदवार घोषित

भाजपा ने गुजरात में लोकसभा के छह उम्मीदवारों के नाम भी घोषित किए हैं, इनमें जूनागढ़ से राजेश चुडासमा, मेहसाणा से हरि पटेल, साबरकांठा से शभना बेन बरिया, वडोदरा डॉ. हेमांग जिशी, अमरेली भरत भाई सुतारिया, सुरेंद्रनगर से चंदूभाई शियोहोरा को प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा ने वडोदरा और साबरकांठा के उम्मीदवारों को बदल दिया है और नाम फिर से घोषित किए हैं। जिन उम्मीदवारों के नाम पहले घोषित किए गए थे, उन्होंने अपने नाम वापस ले लिए थे, इसलिए पार्टी को प्रत्याशी बदलने पड़े।

### इन नेताओं का कटा टिकट

भाजपा ने पांचवी सूची में कुछ मंत्रियों और कुछ सांसदों का टिकट काट दिया है, इनमें केंद्रीय मंत्री वीके सिंह, अश्विनी चौबे, वरुण गांधी शामिल हैं। वहीं कुछ सीटों पर उम्मीदवार भी बदले गए हैं. पार्टी की तरफ से झारखंड के दुमका सीट पर पहले घोषित उम्मीदवार सुनील सोरेन का टिकट काटकर सीता सोरेन को उम्मीदवार बनाया गया है।

### यूपी में इन्हें बनाया प्रत्याशी

बीजेपी ने यूपी के 13 और प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया है। पहले 51 और अब 13 मिलाकर कुल 64 नाम घोषित हो चुके हैं। सहयोगियों को सीटें देने के बाद बीजेपी 75 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बरेली से वरिष्ठ नेता संतोष गंगवार की जगह छत्रपाल गंगवार को टिकट मिला है। बाराबंकी से वीडियो वायरल होने के बाद नए प्रत्याशी को मौका दिया गया है। बदायूं से संघमित्रा मौर्या का भी टिकट कट गया है। हाथरस से मौजूदा सांसद राजवीर सिंह की जगह अनूप वाल्मीकि को टिकट दिया गया है।

## अमित का राजनीति से संन्यास, कहा आज की राजनीति मेरे स्वभाव में नहीं

हो. स. ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजनीति में कभी तीसरे मोर्चे के रूप में उभरी छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के सर्वेसर्वा अमित जोगी ने अचानक बड़ा फैसला ले लिया। उन्होंने अचानक रात आठ बजे के बाद सोशल मीडिया हेंडल एक्स और फेसबुक पर अपने राजनीति से सन्यास का ऐलान कर दिया। उन्होंने मैसेज में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा है कि वे सहज और सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं। वर्तमान में बदले की राजनीति चल रही है। इस तरह की राजनीति करना उनके स्वभाव में नहीं है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा में एक भी सीट न मिलने के बाद पार्टी अब लोकसभा चुनाव में अपनी भूमिका तय नहीं कर पा रही। कई बार उनकी पार्टी का विलय भाजपा में करने की खबरें भी उड़ी हैं। लेकिन भाजपा की तरफ से कोई प्रतिक्रिया न पाकर पार्टी के कार्यकर्ता भी निराश हो रहे थे। अमित ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है कि जिस तरह की राजनीति प्रदेश में अभी चल रही है, उसकी कल्पना हमने कभी नहीं की थी। दलित और ▶▶ शेष पेज 6 पर



### जोगी के नाम से बनाएंगे एनजीओ

अमित जोगी दलितों की सेवा को आगे बढ़ाने के लिए अपने पिता और छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी के नाम से एक एनजीओ बनाकर कार्य करेंगे। वे एनजीओ गठन कर प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में दलितों उत्थान के लिए कार्य करेंगे। इसकी शुरुआत वे अपने गृह जिले मरवाही-गौरला-पेंड्रा से करेंगे। प्रदेश के बस्तर और सरगुजा क्षेत्र में भी एनजीओ का विस्तार करने की योजना उन्होंने बनाई है।

### वकालत पर देंगे ध्यान

अमित जोगी ने राजनीति से संन्यास लेने के बाद पार्ट टाइम वकालत करने की योजना बनाई है। अपनी कानून की डिग्री का उपयोग करते हुए हाईकोर्ट में विशेष प्रकरणों में लोगों की मदद के लिए वकालत करेंगे। वे चाहते हैं कि दलितों के कई मामलों में उन्हें न्याय नहीं मिल पाता, उनके लिए सुलभ रहेंगे। साथ ही वकालत के क्षेत्र में आने वाले नए लोगों को इस क्षेत्र के बारीकियों के बारे में बताएंगे।

### सागौन बंगला किया खाली

अमित जोगी ने पूर्व मुख्यमंत्री के तौर पर अजीत जोगी को मिले सागौन बंगले में ही अपनी मां डॉ. रेणु जागी तथा अपने परिवार के साथ निवास कर रहे थे। श्री जोगी के निधन के बाद यह बंगला सरकार ने खाली करने का नोटिस दिया। सिविल लाइंस में उनका नया बंगला बनकर तैयार होने के बाद उन्होंने शनिवार को यह बंगला खाली कर दिया। सागौन बंगला खाली करने के साथ ही उनके स्वभाव में एक परिवर्तन देखने को मिला और उन्होंने बड़ा निर्णय लेते हुए राजनीति से ही संन्यास लेने की घोषणा कर दी।

जुनेजा की संविदा हो रही खत्म
दो वरिष्ठों के रहते गुप्ता को मौका

## होली के बाद होगी जुनेजा की विदाई, हिमांशु गुप्ता बनेंगे छत्तीसगढ़ के नए डीजी

हो. स. ▶▶ रायपुर

होली से पहले सरकार ने छत्तीरसगढ़ का नया डीजीपी तय कर लिया। सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा 1994 बैच के अधिकारी हिमांशु गुप्ता पर भरोसा जताया है। वे अशोक जुनेजा का स्थान लेंगे। श्री जुनेजा रिटायर हो चुके हैं, लेकिन पिछली सरकार के समय दिए गए सेवा विस्तार के आधार पर अब तक कार्य कर रहे थे। डीजीपी पद की दौड़ श्री गुप्ता से दो साल वरिष्ठ दो अन्य अधिकारी भी शामिल थे, लेकिन राज्य सरकार ने हिमांशु गुप्ता पर भरोसा जताया है।





सूत्रों के अनुसार नए डीजी का आदेश जल्द जारी किया जाएगा। राज्य पुलिस के नए डीजीपी हिमांशु गुप्ता जल्द ही अपना नया कार्यभार ग्रहण करेंगे। इससे पूर्व अब तक वे एडीजी के रूप में सेवाएं दे रहे थे। श्री गुप्ता छत्तीसगढ़ पुलिस में लंबे समय से सेवाएं दे रहे हैं। वे छत्तीसगढ़ के कई जिलों में एसपी के रूप में काम करने के साथ ही पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) के रूप में भी काम कर चुके हैं। राज्य की नौकरशाही में उन्हें एक अनुभवी और तेजतर्रार अधिकारी माना जाता है।

### पवन देव और अरुण देव भी शामिल थे दौड़ में

राज्य के डीजीपी पद के लिए 1992 बैच के आईपीएस पवन देव और उनके समकालीन अरुण देव गौतम 1992 बैच भी प्रमुख रूप से दावेदार के रूप में उभरे थे। अरुण देव गौतम के बारे में माना जा रहा था कि उन्हें राज्य पुलिस प्रमुख बना दिया जाएगा। जबकि पवन देव के मामले में पुराने न्यायालयीन केस आड़े आते दिख रहे थे। इसी तरह राजेश मिश्रा को डीजीपी बनाए जाने की चर्चा थी। उनके प्रमोशन के आदेश का इंतजार रिटायरमेंट के अंतिम दिन के अंतिम घंटों तक किया जा रहा था, लेकिन यह आदेश नहीं आया। रिटायरमेंट के बाद श्री मिश्रा को राज्य सरकार ने संविदा नियुक्ति दी और उन्हें जेल डीजी बनाया गया है।

### रडार में आए सभी नेताओं और अफसरों के चयनित रिश्तेदार

## पीएससी टापर्स 2022 की होगी 'परीक्षा'

हो. स. ▶▶ रायपुर

पीएससी भर्ती परीक्षा 2022 में एक नया मोड़ आ गया है। सीबीआई जांच के बाद अब फैसला लिया गया है कि 2022 की हो चुकी भर्ती परीक्षा रद्द करते हुए दोबारा परीक्षाएं ली जाएंगी। जिन अधिकारियों और नेताओं के रिश्तेदारों का पीएससी के जरिए चयन हुआ है, उन सभी का आईक्यू लेवल जांचा जाएगा। इस बात की जांच होगी कि आखिर वे राज्य की इस प्रतिष्ठित परीक्षा को उत्तीर्ण करने के योग्य थे अथवा उन्हें अवैधानिक ▶▶ शेष पेज 6 पर

सीबीआई जांच के बाद फैसला




### इन्हें दिलानी होगी दोबारा परीक्षा

जारी किए गए आदेश के अनुसार, जिन चयनित उम्मीदवारों को दोबारा परीक्षा दिलानी होगी उनमें टॉमन सोनवानी का बेटा नितेश, बड़े भाई का बेटा साहिल, बहु निशा कोसले, भाई बहु दीपा अजगले, बहन की बेटी सुनिता जोशी तथा उनके एक करीबी की बेटी मीनाक्षी गनवरी का नाम शामिल है। इनके अलावा सोनवानी के कुछ करीबी भी हैं।

### 80 लाख में हुआ सौदा

सूत्रों के अनुसार, सीबीआई ने जो जांच रिपोर्ट सौंपी है, उसमें पूर्व अध्यक्ष टॉमन सोनवानी को मुख्य आरोपी बताया गया है। उन्होंने ही नेताओं और अधिकारियों से अन्य व्यक्तियों के जरिए संपर्क किया। एक व्यक्ति को चयनित करने 80 लाख रुपए कीमत रखी गई थी। एक ही परिवार के एक से अधिक व्यक्ति का चयन किए जाने पर 10 लाख रुपए का डिस्काउंट दिया गया। बैंक खाते संबंधित जानकारी भी जुटाई जा रही है, ताकि वित्तीय अनियमितताएं स्पष्ट रूप से उजागर की जा सकें।



**खबर संक्षेप**

### माल ढुलाई में रायपुर मंडल को सालभर में मिला 5000 करोड़ का राजस्व

**रायपुर।** माल ढुलाई में रायपुर रेलमंडल ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में 23 मार्च 2024 तक अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक 5000 करोड़ माल लदान राजस्व हासिल किया है। डीआरएम संजीव कुमार ने बताया कि यह उपलब्धि रेलकर्मियों को समर्पित है। अनुशासित प्रयास से विपरीत परिस्थितियों में भी डटकर काम करते हुए सर्वाधिक माल लदान आय अर्जन की है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में 5000 करोड़ माल लदान आय हासिल करने का यह कीर्तिमान रायपुर मंडल का अभी तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। देश के विभिन्न राज्यों को रायपुर रेलमंडल ने यह अभूतपूर्व सेवा प्रदान कर देश की प्रगति में सहायक भूमिका निभाई है। इस अवधि में माल लदान में स्टील, चावल, कोयला, क्लिंकर, लौह अयस्क, सीमेंट, खाद्यान, डोलोमाइट, लाइम स्टोन आदि शामिल हैं। यह उपलब्धि मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के निर्देशन व भारतीय रेल यातायात सेवा अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन से संभव हुई। इस उपलब्धि के अवसर पर नियंत्रण कक्ष में मंडल रेल प्रबंधक की उपस्थिति में केक काटकर प्रसन्नता व्यक्त की गई।

### डिप्टी सीएम ने कवि ठाकुर को किया सम्मानित

**रायपुर।** कवि संजीव ठाकुर को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सादे समारोह में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने गोल्डन बुक का वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा, लेखक, कवि एक तपस्वी की तरह होता है और लेखन कार्य किसी भी कष्ट साध्य साधना से काम नहीं है। हर व्यक्ति के लिए हर समय साहित्य लेखन अथवा कविता लिखा जाना संभव नहीं हो सकता। इसके लिए एक विशेष मनःस्थिति की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि साहित्य में संपादकीय आलेख लिखकर विश्व कीर्तिमान बनाना एक अद्भुत, किंतु कष्ट साध्य कार्य है, लेकिन यह दुरुह कार्य लेखक कवि संजीव ठाकुर ने बखूबी किया। उन्होंने अनेक साहित्यिक विदेश यात्राएं भी की हैं। उनकी अनेक किताबें प्रकाशित हो चुकीं हैं एवं लगभग 10 अन्य किताबें प्रकाशनाधीन है। इस अवसर पर गोल्डन बुक की प्रतिनिधि सोनल राजेश शर्मा, आरडीए के पूर्व अध्यक्ष श्याम बैस, पूर्व आईजी प्रदीप नारायण तिवारी, चंद्रकांत पांडे, सोनल राजेश शर्मा, रमेश झा, ऐश्वर्या राज ठाकुर एवं अन्य नागरिक उपस्थित थे।

### महिलाओं ने खेली सूखी होली

**रायपुर।** बुजुर्गों एवं अशक्तजनों के लिए कार्य करने वाली हम साथ-साथ सामाजिक संस्था ने रविवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया। इसमें संस्था के सदस्य शामिल हुए। इस कार्यक्रम में नशामुक्त और पारंपरिक होली मनाने पर जोर दिया गया तथा लोगों को जागरूक करने का आव्हान किया गया। साथ ही राधाकृष्ण पर आधारित सुंदर होली गीत, फाग गीत गाकर और फूल, गुलाल की होली खेलकर होली मिलन समारोह का समापन किया गया।

### नकली सोने का ब्रेसलेट गिरवी रखकर ठग लिए ढाई लाख

रायपुर। विधानसभा थाना क्षेत्र में सोने-चांदी के जेवरों का कारोबार करने वाले सराफा कारोबारी ने एक ठग के खिलाफ नकली सोने का ब्रेसलेट गिरवी रखकर ढाई लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस सोने-चांदी के दुकान में लगे सीसीटीवी फूटेज के आधार पर आरोपी की पतासाजी करने में जुटी हुई है। पुलिस के मुताबिक दोंदेखुर्द में साईं ज्वेलर्स के नाम से सोने-चांदी का कारोबार करने वाले महेश कुमार थवाइत ने विशाल कुमार सोनी के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। महेश ने पुलिस को बताया कि 19 मार्च को विशाल उसके पास आया और जमीन खरीदने पैसों की जरूरत पड़ने की बात कहकर ढाई लाख रुपए मांगे। इसके लिए विशाल ने अपने पास रखे करीब पांच तोले का सोने का ब्रेसलेट गिरवी रखने का झांसा दिया।

# स्क्रीनटाइम की लगी ऐसी लत कि एक साल में 37 हजार से ज्यादा बच्चों को लग गया चश्मा

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

कोरोनाकाल के दौरान ऑनलाइन क्लासेस के वजह से बढ़ी मोबाइल अथवा कंप्यूटर के माध्यम से ऑनलाइन क्लासेस की लत बच्चों से अब तक नहीं छूट पाई है। इसकी वजह से कम उम्र में ही नजर कमजोर होने की शिकायत बढ़ रही है। बीते साल स्वास्थ्य विभाग के अमले ने करीब 10.10 लाख बच्चों की जांच की और 37 हजार की नजर कमजोर मानकर उन्हें चश्मे का वितरण किया। इस बार अमला मिडिल के साथ हाईस्कूलों में जाकर भी जा कर रहा है और उन्हें नेत्रों की सुरक्षा से संबंधित जानकारी भी दे रहा है।



वर्ष 2021-22 की तुलना में इस बार 13 हजार से अधिक बच्चों को लिखने-पढ़ने सहित अन्य कार्यों के लिए चश्मे की आवश्यकता पड़ी है। नेत्र चिकित्सकों के मुताबिक कोरोना लॉक डाउन के दौरान बच्चे पढ़ाई के लिए ऑनलाइन सिस्टम के भरोसे हो गए थे। धीरे-धीरे कंप्यूटर अथवा मोबाइल पर चिपके रहना उनकी आदत हो गई, जो महामारी समाप्त होने के बाद भी छूट नहीं रही है। इसके साथ बच्चे ज्यादा समय तक टीवी देख रहे हैं, जिसकी तेज रोशनी उनकी आंखों की रोशनी के लिए नुकसानदायक साबित हो रही है। इस तरह की समस्या को कम करने के लिए स्वास्थ्य अमला स्कूलों में जाकर हर तीन महीने में बच्चों के नेत्र की जांच कर रहा है। आवश्यकता के अनुसार उन्हें चश्मे का वितरण कर रहा है। जिनकी समस्या अधिक गंभीर है, उन्हें स्वास्थ्य केंद्रों में बुलाकर जांच कराने की सलाह दी जा रही है। इस बार चश्मा लगाने वाले बच्चों की जांच के फालोअप पर भी जोर दिया जा रहा है और यह देखा जा रहा है कि चश्मे के उपयोग से उनकी नजर में किस तरह का बदलाव आ रहा है। वे इसका उपयोग कर रहे हैं अथवा नहीं और किसी वजह से वह टूट-फूट गया है, तो उसे बदलने की सुविधा भी दी जा रही है।

सूत्रों के अनुसार 37 हजार बच्चों को चश्मा वितरण का काम शासकीय स्तर पर पूरा हुआ है, लेकिन माता-पिता आंख की समस्या होने पर बच्चों को निजी अस्पतालों में ले जाकर भी जांच करवाते हैं, जहां नजर कमजोर होने पर चश्मा लगाने की सलाह दी जाती है। इस बात की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा है कि चश्मे की जरूरत वाले बच्चों की संख्या इससे दोगुनी हो सकती है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 12 से 18 मार्च को ग्लूकोमा सप्ताह मनाया गया था। इस दौरान राज्यभर में पचास हजार लोगों की जांच की गई, जिसमें 309 लोगों को कालामोतिया यानी ग्लूकोमा से पीड़ित पाया गया। इसके अलावा 3600 लोगों को सफेद मोतियाबिंद से पीड़ित पाया गया। चिकित्सकों के अनुसार ग्लूकोमा आंखों की तंत्रिका का पानी एक स्थान पर एकत्रित होने की वजह से होता है। इसकी वजह से अगर आंखों की रोशनी जाती है, तो वापस नहीं लौट सकती।

नवापारा में रहने वाली 92 वर्षीय सीरिया बाई बाफना की आंखों से किसी जरूरतमंद मरीज की आंखों की रोशनी लौटेगी। उनके निधन के बाद परिवारवालों ने नेत्रदान की इच्छा पूरी की। नेत्र सहायक सूरज प्रसाद देवांगन की सूचना पर आंबेडकर अस्पताल आई बैंक की टीम ने नवापारा जाकर नेत्र प्राप्त किया।

#### बच्चों को उपयोग कम करने प्रेरित करें

आंखों से संबंधित समस्या ज्यादा स्क्रीन टाइम की वजह से सामने आ रही है। बच्चों को इसका उपयोग कम करने प्रेरित करने की आवश्यकता है। इस बार मिडिल के साथ हाईस्कूल में भी जांच की जा रही है और बच्चों का फालोअप भी लिया जा रहा है।

– **डॉ. निधि ग्वालरे,** नेत्र चिकित्सक एवं नोडल अफसर, अंधत्व निवारण कार्यक्रम

## भाठागांव के मठपुरैना, ढेबर सिटी बीएसयूपी परिसर में विशेष सफाई अभियान

# लभांडी में डायरिया फैलने के बाद कई इलाकों में पानी की जांच

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

**4 दिनों में 85 से अधिक बच्चे, युवा, बुजुर्ग पहुंचे अस्पताल**

राजधानी के लभांडी इलाके में डायरिया का प्रकोप बढ़ने के बाद हरकत में आए निगम प्रशासन ने अब शहर के सभी बीएसयूपी परिसरों में पेयजल स्त्रोतों की सफाई का विशेष अभियान शुरू कर दिया है। भाठागांव के मठपुरैना, ढेबर सिटी बीएसयूपी आवासीय परिसर के अलावा जोन 10 के अमलीडीह में निर्मित बीएसयूपी आवासीय परिसर में लोक स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से पानी के नमूने लेकर उनकी गुणवत्ता जांचने फिल्टर प्लांट के लैब भेजने की तैयारी में है।

विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी इलाके की आदर्श संकल्प सोसायटी फेज-2 में पिछले 4 दिनों में उल्टी-दस्त से पीड़ित 85 से अधिक बच्चे, युवा और बुजुर्ग अस्पताल पहुंचे हैं। लभांडी इलाके में दूषित पानी से डायरिया संक्रमण को लेकर बीती देर रात 8 लोगों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। वहीं सोसायटी में लगातार फैल रहे डायरिया से लोगों में खासी नाराजगी देखी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू बीती रात डायरिया से प्रभावित मरीजों से मिलने जिला अस्पताल पहुंचे और मरीजों का हालचाल जाना। लोगों ने विधायक के सामने भी खुलकर नाराजगी जताई। जबकि सांसद सुनील सोनी अब तक प्रभावित इलाके में नहीं पहुंचे। कलेक्टर और निगम आयुक्त के निर्देश पर शहर के सभी बीएसयूपी आवासीय परिसर, प्रधानमंत्री आवास योजना की कॉलोनियों में सीवरेज लाइन की सफाई, जलस्त्रोत के नमूने लेने अभियान चलाया जा रहा है। जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की निगरानी में ब्लीचिंग, चूना पावडर का छिड़काव कराया जा रहा है। आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने रविवार को संकल्प सोसायटी फेज-2 के पीएम आवास योजना परिसर पहुंचकर सिविल सर्जन के माध्यम से उल्टी-दस्त के मरीजों से मिलने के बाद वहां लगाए जा रहे स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था देखी।



## गर्मी में मौसम का हाल बताने वाला दस करोड़ का कलर डाप्लर अब बारिश में करेगा काम

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

गर्मी के मौसम में होने वाले आसमानी हलचल की जानकारी देने वाला मौसम विभाग का कलर डाप्लर राडार अब तक स्थापित नहीं हो पाया है। अनुबंध के दौरान इसे मार्च महीने के अंत तक काम करना शुरु कर देना था मगर स्थापित किए जाने का काम शुरुआती दौर में होने की वजह से इसके बारिश के मौसम में एक्टिव होने की संभावना है।

- **मौसम विभाग का राडार, कृषि विवि में किया जाना है स्थापित, मार्च में हो जाना था एक्टिव अभी काम शुरुआती दौर में**

भारत मौसम विभाग और कृषि विश्वविद्यालय प्रबंधन के बीच इस राडार की स्थापना के लिए सालभर पहले एमओयू हुआ था। उस दौरान सारी प्रक्रिया पूरी कर इसे मार्च अंतिम तक स्थापित करने की लक्ष्य रखा गया था। निर्माण एजेंसी तय होने और उसका काम शुरु होने की धीमी प्रक्रिया की वजह से विलंब हो चुका है, इसकी वजह से इसके एक्टिव होने में तीन से चार माह का वक्त लगने की संभावना है यानी गर्मी का हाल बताने वाला राडार अब मौसम विभाग को बारिश की गतिविधियों के बारे में जानकारी दे पाएगा। दस करोड़ की लागत से स्थापित होने वाले इस राडार को रायपुर में स्थापित करने के लिए मौसम विशेषज्ञों को काफी प्रयास करना पड़ा था। इसके बाद स्थल चयन के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी तब जाकर कृषि विश्वविद्यालय परिसर को स्थापना के लिए उचित माना गया था। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि राडार की क्षमता ढाई सौ किलोमीटर की होगी। इस परिधि में मौसम को लेकर होने वाली किसी भी तरह की आसमानी हलचल को राडार पकड़ेगा और उससे क्षेत्र में पड़ने वाले प्रभाव के बारे सिस्टम के माध्यम से मौसम विशेषज्ञों को जानकारी प्रेषित करेगा। राडार की ऊंचाई तीस मीटर होगी, ऊंचाई की वजह से ही इसे माना एयरपोर्ट में लगाना स्थगित किया गया था । राडार को काफी साल पहले मौसम वेधशाला लालपुर में स्थापित करने की योजना बनाई गई थी। इसे मंजूरी भी मिल चुकी थी मगर घनी आबादी के बीच दफ्तर नहीं होने की वजह से इस पर आपत्ति आनी शुरु हो गई थी।

# रेलवे की कॉलोनियों में लगेंगे ओपन जिम




हरिभूमि न्यूज : रायपुर

रेलवे के 50 आवास वाली कॉलोनी के रहवासियों को अब ओपन जिम की सुविधा मिलेगी। जोनल पीएनएम बैठक में इस पर निर्णय लिया गया है। इसके अलावा रेलकर्मियों की सुविधा से जुड़े और भी प्रस्तावों पर सहमति की मुहर लगी। बैठक की अध्यक्षता दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के महाप्रबंधक आलोक कुमार ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम सब की क्षमता लगभग एक समान है। वहीं व्यक्ति अपनी सोच को बढ़ाकर निरंतर प्रयास करे तो हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। यही लक्ष्य लेकर हमने मेरे दो साल आठ माह के कार्यकाल में रेलवे स्वास्थ्य विभाग में व्यापक परिवर्तन किया है। व्यवस्था में सुधार के लिए आधुनिक मशीनें दी गई हैं। रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेज कर 11 स्पेशलिस्ट डॉक्टर के पद स्वीकृत हुए हैं। इसके अलावा 17 करोड़ के, बिलासपुर में आधुनिक इंडोर स्टेडियम की स्वीकृति दी गई है। इनमें कुछ मांगें रेलवे मजदूर कांग्रेस की थी। वर्ष 2024 के प्रथम जोनल स्थाई वार्ता तंत्र पीएनएम बैठक 21 व 22 मार्च को आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक आलोक कुमार के अलावा रेलवे मजदूर कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष तपन चटर्जी भी उपस्थित थे। महाप्रबंधक अलोक कुमार के पदस्थ रहते रेल कर्मचारियों के हित में ऐतिहासिक फैसले हुए। जीडीसी कोटा लगातार किया गया। 10 फीसद इंटक कोटा, 35 करोड़ का ओवर टाइम पेमेंट तीनों मंडल के स्टेशन मास्टर को दिया। रेलवे कालोनी विकास के लिए महाप्रबंधक ने स्पेशल बजट दिया। बैठक का संचालन आरके अग्रवाल ने की। बैठक में उपमहाप्रबंधक वीके साहू, रेलवे मजदूर कांग्रेस के केंद्रीय पदाधिकारी बी. कृष्ण कुमार, डी. विजय कुमार, डीके स्वाइन, विजय अग्निहोत्री, लक्ष्मण राव ने भाग लिया। बिलासपुर, रायपुर, नागपुर मंडल के रनिंग कर्मचारियों की सभी समस्याओं के निराकरण के लिए अप्रैल माह में संयुक्त रनिंग मीटिंग होगी। इसके अलावा केंद्रीय चिकित्सालय में हास्पिटल असिस्टेंट खाली पदों में ट्रैक मेंटेनर, मेडिकल विभाग के ग्रुप डी स्टाफ से भरा जाएगा। रेलवे मेडिकल कॉलेज बिलासपुर में स्थापित कर कुछ महत्वपूर्ण कोर्स की शुरुआत की जाएगी। दुर्भावना से एपीआर को खराब करने वाले अधिकारी के निर्णय को समीक्षा कर सुधार करने का अवसर दिया जाएगा। कमर्शियल सहित इंजीनियर विभाग में ट्रैक मेंटेनर के उत्पीड़न मामले में रोक लगाने के लिए गलत मनमाने स्थानांतरण पर रोक लगाई जाएगी।

### ट्रेन और प्लेटफार्म पर तस्करों को पकड़ने हर यात्री के सामान की जांच

होली पर्व के मद्देनजर स्टेशन व ट्रेनों की सुरक्षा तगड़ी कर दी गई है। रेलवे के दोनों सुरक्षा विभाग आरपीएफ व जीआरपी की टीम ने पार्सल, प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय से लेकर चप्पे-चप्पे की जांच की। इस दौरान यह भी देखा गया कि कोई यात्री शराब या नशे का दूसरा सामान लेकर यात्रा तो नहीं कर रहा। हुड़दंग न हो, इसलिए यात्रियों से जानकारी भी ली गई। पर्व के दौरान एकाएक ट्रेनों में भीड़ बढ़ जाती है। स्टेशन के अंदर प्लेटफार्म पर भी पैर रखने की जगह नहीं रहती। इसी भीड़ का फायदा उठाकर अपराधी सक्रिय हो जाते हैं और यात्रियों से मारपीट, विवाद या उनका कीमती सामान और नकद चोरी करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में आरपीएफ व जीआरपी दोनों को सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश उच्चाधिकारियों ने दिए हैं। इसी के मद्देनजर रविवार को दोपहर से दोनों सुरक्षा विभाग की टीम स्टेशन में जांच करती नजर आई। सबसे पहले प्लेटफार्म का जायजा लिया। इस दौरान जिन पर जरा भी संदेह हुआ, उनसे पूछताछ की गई और उनके पास रखे लगेज की जांच भी की गई। दरअसल होली पर्व पर कई यात्री शराब लेकर यात्रा करते हैं। यात्रा के दौरान शराबखोरी भी होती है। यह बाद में अपराध का कारण बनती है। जांच के दौरान रायपुर से ट्रेन रवाना होने के बाद यदि कोई भी परेशानी आती है तो उन्हें किस नंबर पर कॉल करना है, यह भी बताया गया। जांच टीम के साथ डाग स्क्वाड भी मौजूद था, जो यात्रियों के लगेज को सूंघकर यह परखने का प्रयास कर रहा था कि कोई यात्री प्रतिबंधित चीजें लेकर यात्रा तो नहीं कर रहे हैं। हालांकि दो से तीन घंटे तक चली इस जांच के दौरान किसी तरह की खामियां या आपराधिक प्रवृत्ति के लोग नहीं मिले, लेकिन आरपीएफ व जीआरपी की इस सतर्कता से यात्री सफर के दौरान खुद को सुरक्षित महसूस करते नजर आए। कुछ यात्री जांच को देखकर घबरा भी गए। जिन्हें न डरने का सुझाव दिया गया और उन्हें बताया गया कि यह नियमित जांच का हिस्सा है।



